Title: Need to provide atleast 20 beds in the indoor hospital of the health unit of Dehri-on-son railway station under Eastern Railway.

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान बिहार के अपने संसदीय क्षेत्र की ओर दिलाना चाहती हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र विक्रमगंज के अन्तर्गत ईस्टर्न रेलवे के देहरी ओन-सोन में एक रेलवे का हेल्थ यूनिट है जहां रेलवे कर्मचारियों को आउटडोर चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है। वर्तमान में यह रेलवे का अस्पताल दुर्गावती स्टेशन से जाखीम स्टेशन तक एवं पलामू से सिंगसीजी स्टेशन तक के कर्मचारियों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराता है, लेकिन यहां इनडोर बैड की व्यवस्था नहीं है। देहरी ओन-सोन में तथा आस-पास के स्टेशनों में कार्यरत करीब 3000 रेलवे कर्मचारियों के परिवार सहित 15000 लोगों के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधा यहां नगण्य है। मुगलसराय मंडल में तीन जंक्शन स्टेशन हैं जिनमें मुगलसराय, देहरी एवं गया है। इनमें से मुगलसराय एवं गया में इनडोर अस्पताल उपलब्ध है किन्तु देहरी और ओन-सोन में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। कार्य करते वक्त गंभीर रूप से घायल हो जाने पर कर्मचारी सिंगसीजी स्टेशन, जो यहां से लगभग 90 किलोमीटर दूर है एवं मुगलसराय अस्पताल जो सिंगसीजी से 20 किलोमीटर है, वहां जाते-जाते रास्ते में दम तोड़ देता है। देहरी ओन-सोन के रेलवे अस्पताल में वर्तमान में एक डॉक्टर, एक कंपाउंडर, एक नर्स तथा एक ड्रैसर की सुविधा उपलब्ध है एवं यहां रोगियों की भर्ती की व्यवस्था नहीं है।

अतः रेलवे मंत्रालय से अपील है कि इस समस्या का समाधान करने के लिए देहरी ओन-सोन के इस हेल्थ यूनिट को कम से कम 20 बेड के इनडोर अस्पताल में परि वर्तन कराने का कट करें ताकि वहां के रेलवे कर्मचारियों का समुचित इलाज हो सके।